छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक–455 प्रकरण क्रमांक–**M-PRO-2024-02590**

आवेदक :– गोल्ड ब्रिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि., द्वारा–पी. योगेश्वर राव, पता–आनंदम वर्ल्ड सिटी, खम्हारडीह, कचना मेन रोड, जी.ए.डी. कॉलोनी के पास, जिला–रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध श्रीमती सुमन माहेश्वरी, पति–श्री संजय माहेश्वरी, निवासी–अलाया विला क्रं.–ए–71, आनंदम वर्ल्ड सिटी, खम्हारडीह, कचना मेन रोड, जी.ए.डी. कॉलोनी, जिला–रायपुर (छ.ग.)

प्रोजेक्ट– ''आनंदम वर्ल्ड सिटी'',पता–कचना, जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
11/12/2024	– प्रकरण प्रस्तुत। – आवेदक द्वारा विद्वान अधिवक्ता श्री शाश्वत सुराना उपस्थित। – अनावेदिका द्वारा प्रतिनिधि श्री रामेश्वर प्रसाद लोहाटी उपस्थित। – दिनाँक 22.11.2024 को अनावेदिका द्वारा मेंटनेंस शुल्क जमा करने के संबंध में आवेदन मय दस्तावेज/रसीद की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया। आवेदक द्वारा अपने आवेदन में मेंटनेस राशि रूपये 75,600/– प्लस 18 प्रतिशत जी.एस.टी. राशि 89,208/– की मांग की गई है। अनावेदिका द्वारा रसीद क्रमांक–038, रूपये 67,200/– रसीद क्रमांक–043, रूपये 8,400/– रसीद क्रमांक–7018, रूपये 22,302/– इस प्रकार कुल 97,902/– का भुगतान आवेदक को किया जाना प्रदर्शित किया गया है। अनावेदक द्वारा याचना की बिन्दु क्रमांक–बी में देय अनुरक्षण राशि पर ब्याज प्रदान दिये जाने का अनुरोध किया गया है। याचित अनुरक्षण राशि 56,700/– कुल 89,208/– रूपये पर ब्याज सहित देय राशि 97,209/– रूपये होती है। अनावेदक द्वारा 97,209/– रूपये अनुरक्षण प्रभार के रूप में आवेदक को प्रदान किया जा चुका है। इसलिये याचित अनुतोष का पालन अनावेदक द्वारा कर लिया गया है। आवेदक द्वारा याचना बिन्दु क्रमांक–सी में मासिक अनुरक्षण प्रभार आवेदक द्वारा प्रदान किये जाने हेतु निर्देश दिये जाने का अनुरोध किया गया है। इस देय अनुरक्षण राशि 6,300/– रूपये मासिक का भुगतान अनावेदक नियमित रूप से आवेदक को प्रदान करे। इस प्रकार आवेदक एवं अनावेदक के मध्य अब कोई विवाद का मुद्दा इस प्रकरण के आवेदन में शेष नहीं रह गया हे।	

छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक–455 प्रकरण क्रमांक–**M-PRO-2024-02590**

आवेदक :– गोल्ड ब्रिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि., द्वारा–पी. योगेश्वर राव, पता–आनंदम वर्ल्ड सिटी, खम्हारडीह, कचना मेन रोड, जी.ए.डी. कॉलोनी के पास, जिला–रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध श्रीमती सुमन माहेश्वरी, पति–श्री संजय माहेश्वरी, निवासी–अलाया विला क्रं.–ए–71, आनंदम वर्ल्ड सिटी, खम्हारडीह, कचना मेन रोड, जी.ए.डी. कॉलोनी, जिला–रायपुर (छ.ग.)

प्रोजेक्ट– ''आनंदम वर्ल्ड सिटी'',पता–कचना, जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
	याचना का बिन्दु शेष नहीं रहने के कारण प्रकरण समाप्त किया जाता है। प्रकरण नस्तीबद्ध कर अभिलेख कोष्ठ में जमा किया जाये। सही / – (धनंजय देवांगन) सदस्य	